Regarding promotion of tourism in Jammu region

श्री जुगल किशोर **(जम्मू) :** सभापति जी, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद । (व्यवधान) आपने मुझे अपने संसदीय क्षेत्र की बात रखने का मौका दिया । (व्यवधान) मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान जम्मू संभाग की ओर दिलाना चाहता हूं । (व्यवधान) मैं जम्मू संभाग में टूरिज्म को बढ़ावा देने का आग्रह करता हूं ।

टूरिज्म के माध्यम से रोजगार को बढ़ावा मिले, इसके लिए मैं अपनी बात यहां पर रखना चाहता हूं । (व्यवधान)

मैं आपके माध्यम से जम्मू संभाग में टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए और टूरिज्म के माध्यम से रोजगार को बढ़ाने की बात कर रहा हूं । (व्यवधान) मेरे संसदीय क्षेत्र जम्मू में टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए अति आवश्यक है कि सांबा जिले में पवित्र तीर्थ-स्थल - पुरमण्डल और उत्तरवाहनी है, जो कि छोटी काशी के नाम से भी जानी जाती है । इसके विकास के लिए प्रसाद योजना के माध्यम से यूटी और जम्मू कश्मीर राज्य द्वारा एक डीपीआर केन्द्र को भेजी गयी है । (व्यवधान) मैं आपके माध्यम से अपने पर्यटन विभाग से यह प्रार्थना करता हूं कि इसे स्वीकृत करें और फंड रिलीज करें, ताकि पुरमण्डल और उत्तरवाहिनी का विकास हो सके । इसके साथ ही रियासी जिले में शिव खोडी व अन्य पर्यटन स्थल, चाहे वह संरूईसर हो, मानसर हो, बाबा गोरन हो या बाबा चामलियाल हो, या जितने भी पर्यटन स्थल हैं, इनके विकास कार्यों के लिए टूरिज्म डिपार्टमेंट की ओर से फंड रिलीज किया जाए, ताकि वहां का टूरिज्म बढ़े, टूरिस्ट बढ़ें, लोगों को रोजगार मिले और उन्हें शांति मिल सके । (व्यवधान) मेरी आपसे प्रार्थना है कि टूरिज्म डिपार्टमेंट को एक निर्देश दें कि जम्मू-कश्मीर और विशेषकर जम्मू संभाग में टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए ध्यान दें और फंड रिलीज करें । धन्यवाद । (व्यवधान)